भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2369
दिनांक 13 मार्च, 2025

लक्षद्वीप में घरेलू एलपीजी सिलिन्डर की ऊंची कीमत

†2369. श्री हमदुल्ला सईद :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि लक्षद्वीप में घरेलू एलपीजी सिलिन्डर की कीमत 1303.50 रुपए है, जबकि केरल में इसका मूल्य मात्र 812 रुपए है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) कीमतों में इस भारी अंतर के क्या कारण हैं और लक्षद्वीप में एलपीजी की ऊंची कीमत के लिए कौन-कौन से कारक उत्तरदायी हैं;
(ग) क्या सरकार ने लक्षद्वीप में एलपीजी की कीमत निर्धारण को युक्तिसंगत बनाने और इसे केरल की दरों के अनुरूप बनाने हेतु किन्हीं विशिष्ट उपायों पर विचार किया है ताकि द्वीपवासियों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम किया जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) लक्षद्वीप जैसे दूरस्थ द्वीपों में एलपीजी के परिवहन से जुड़ी अतिरिक्त संभारतंत्रीय कीमतों के संबंध में राजसहायता देने अथवा उन्हें कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने हैं;
(ड.) क्या सरकार लक्षद्वीप में एलपीजी का समान कीमत निर्धारण सुनिश्चित करने और सतत विकास लक्ष्य (सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा) के अनुरूप खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए तत्काल कार्रवाई करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) क्या सरकार इस बात को स्वीकार करती है कि एलपीजी की ऊंची लागत लोगों को खाना पकाने के पारंपरिक ईंधनों पर निर्भर रहने के लिए बाध्य कर रही है, जिससे विशेषकर महिलाओं हेतु पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (च): लक्षद्वीप द्वीपसमूह में एलपीजी का वितरण इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा लक्षद्वीप सहकारी विपणन संघ (एलसीएमएफ) के माध्यम से किया जाता है, जिसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लक्षद्वीप प्रशासन के थोक एजेंट के रूप में नामित किया गया है। लक्षद्वीप द्वीपसमूह में घरेलू एलपीजी के प्रति 14.2 किलोग्राम सिलिंडर का मूल्य 1303.50 रुपये है। लक्षद्वीप का वर्तमान मूल्य निर्धारण केरल के कोच्चि बाजार पर आधारित है। उपभोक्ताओं से अतिरिक्त परिवहन और हैंडलिंग संबंधी शुल्क एलसीएमएफ द्वारा लिया जाता है।

लक्षद्वीप में बिक्री मूल्य लक्षद्वीप सहकारी विपणन संघ (एलसीएमएफ) द्वारा सिलिंडरों की व्यवस्था पर किए गए व्यय के आधार पर विभिन्न द्वीप में अलग-अलग होता है। सिलिंडरों की व्यवस्था पर किए गए व्यय में परिवहन शुल्क, हैंडलिंग और बंदरगाह से संबंधित शुल्क शामिल हैं तथा संबंधित गणना एलसीएमएफ द्वारा की जाती है। एलसीएमएफ द्वारा प्रत्येक द्वीप की सहकारी समिति को व्यय की गई लागत के बारे में सलाह दी जाती है और एलपीजी उपभोक्ताओं से वसूल की जाती है।

आईओसीएल ने लक्षद्वीप में निर्बाध एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लक्षद्वीप के विभिन्न द्वीपों पर एलपीजी सिलिंडरों की व्यवस्था करने हेतु दो समुद्री जहाजों एमवी एलिकालपेनी और एमवी गंगा को किराये पर लिया है, जिस पर अतिरिक्त लागत आ रही है, जिसका वहन वर्तमान में आईओसीएल द्वारा किया जा रहा है।

****